<u>समाचार</u>

# एस.ई.सी.एल. क्षेत्र में पसरी गंदगी व कचरे का ढेर देख नाराज हुए आयुक्त

## (एस.ई.सी.एल.प्रबंधन को नोटिस जारी करने तथा 50 हजार रू. अर्थदण्ड आरोपित किए जाने की कार्यवाही के दिए निर्देश)

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने एस.ई.सी.एल.मानिकपुर क्षेत्रांतर्गत मानिकपुर पोखरी के पास जी.एम.आफिस के पीछे, मानिकपुर बाजार, मुख्य मार्ग व संपर्क सड़कों, आवासीय क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण)




कोरबा 27 नवम्बर 2025 –आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज एस.ई.सी.एल.कोरबा, मानिकपुर क्षेत्र के विभिन्न स्थलों, मुख्य मार्गो, आवासीय क्षेत्रों में जगह–जगह पसरी गंदगी व कचरे का ढेर देखकर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होने एस.एल.आर.एम.सेंटर की अव्यवस्था पर भी अफसोस जाहिर किया तथा एस.ई.सी.एल. प्रबंधन को नोटिस जारी करने एवं प्रबंधन पर शहर की स्वच्छता के साथ खिलवाड़ करने पर 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किए जाने की कार्यवाही के निर्देश अधिकारियो को दिए।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए आज अधिकारियों की टीम के साथ एस.ई.सी.एल.मानिकपुर क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर बस्ती, पोखरी के पास, जी.एम.आफिस के पीछे, मानिकपुर बाजार, रेलवे स्टेशन गेट नम्बर 2 के पास व मुख्य व संपर्क मार्गो का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया, इन सभी स्थलों पर जगह–जगह बिखरी गंदगी,

कचरे का ढेर व साफ–सफाई का अभाव परिलक्षित होने पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने गहरी नाराजगी व्यक्त की, उन्होने सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने, नियमित सफाई कार्य करने एवं सफाई व्यवस्था पटरी पर लाने के कड़े निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने निगम के उपायुक्त श्री नीरज कौशिक को निर्देशित करते हुए कहा कि एस.ई.सी.एल.प्रबंधन को इस हेतु नोटिस दें तथा शहर की स्वच्छता के साथ खिलवाड़ करने, सफाई व्यवस्था के प्रति लगातार लापरवाही बरतने पर 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किए जाने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करें।

**<u>एस.एल.आर.एम.सेंटर का किया निरीक्षण</u>** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने मानिकपुर में निगम द्वारा संचालित एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण किया, उन्होने सेंटर की व्यवस्थाओं को देखा तथा सूखे व गीले कचरे का पृथकीकरण, कचरे का प्रबंधन, अपशिष्ट का विक्रय आदि की जानकारी लेते हुए व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश सेंटर सुपरवाईजर को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने सेंटर की स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण के दौरान संधारित डायरी व रजिस्टर का अवलोकन किया तथा स्वच्छता दीदियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि वे अपशिष्ट संग्रहण के दौरान मकान स्वामियों से रजिस्टर में प्रतिदिन हस्ताक्षर लें कि प्रतिदिन घरों से नियत समय पर कचरे का संग्रहण नियमित रूप से हो रहा है या नहीं। उन्होने कहा कि सेंटर में संधारित दस्तावेज अद्यतन नहीं रखने पर संबंधित सुपरवाईजर एवं पीआईयू के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, अतः वे सुनिश्चित करें कि सभी दस्तावेज नियमित रूप से अद्यतन किए जाएं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्वच्छता दीदियों से उनके कार्यो व कार्यक्षेत्र के संबंध में चर्चा की तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित किए जाने हेतु उनका मार्गदर्शन किया।

निरीक्षण के दौरान निगम के उपायुक्त नीरज कौशिक, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, आकाश अग्रवाल, स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र थवाईत आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।